मध्यप्रदेश शासन
औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग
:: आदेश ::

भोपाल, दिनांक 24/01/2025

क्र. IPI/5/0021/2023/ए-ग्यारह:: राज्य शासन एतद् द्वारा मेसर्स आमला एग्रो इण्डस्ट्रीज की ग्राम जामदेहीकला, तहसील आमला, जिला बैतूल में विद्यमान खाण्डसारी एवं गुड निर्माण इकाई में रूपये 42.75 करोड का स्थाई पूंजी निवेश कर शुगर इकाई में परिवर्तन एवं क्षमता विस्तार संबंधी प्रस्ताव (MSME12301040002) पर निम्नानुसार सुविधायें प्रदान किये जाने का निर्णय लिया जाता है-

1. **निवेश प्रोत्साहन सहायता-** उद्योग सवंर्धन नीति 2014 (यथा संशोधित) अंतर्गत प्रावधानित निवेश प्रोत्साहन सहायता शर्तो के अध्याधीन 7 वार्षिक किश्तों में प्रदान की जाये।

2. **विद्युत शुल्क से छूट-** परियोजना अंतर्गत स्थापित केप्टिव थर्मल पावर प्लांट (बगास पर आधारित) द्वारा उत्पादित विद्युत पर देय विद्युत शुल्क से वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ करने के दिनांक से 5 वर्षो हेतु छूट प्रदान की जाये।

3. परियोजना को उद्योग सवंर्धन नीति, 2014 (यथा संशोधित) अन्तर्गत प्रावधानित अन्य सुविधाओं का लाभ पात्रता अनुसार शर्तों के अध्याधीन प्राप्त होगा।

4. परियोजना को स्वीकृत सुविधाओं का लाभ इस शर्त पर प्राप्त होगा कि परियोजना में इस परिप्रेक्ष्य में आदेश जारी होने के दिनांक से प्रतिबद्ध निवेश के साथ 3 वर्ष में वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ कर लिया जाये।

5. स्वीकृत समस्त सुविधाओं का लाभ इकाई द्वारा वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ करने के उपरांत निर्धारित समय-सीमा में संबंधित विभाग को आवेदन प्रस्तुत करने पर प्राप्त होगा।

6. कम्पनी की शेष अन्य मांगों को अमान्य किया जाता है।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम
से तथा आदेशानुसार

(शाश्वत सिंह मीना)
उप सचिव
मध्यप्रदेश शासन
औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग

पृ. क्र. IPI/5/0021/2023/ए-ग्यारह
भोपाल, दिनांक 24/01/2025

प्रतिलिपि:-

1. उप सचिव, मध्यप्रदेश शासन, मुख्य सचिव कार्यालय, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल।
2. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वित्त विभाग/ऊर्जा विभाग, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल।
3. आयुक्त, नर्मदापुरम संभाग नर्मदापुरम।
4. कलेक्टर, जिला- बैतूल।
5. प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश इण्डस्ट्रीयल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लि. भोपाल।
6. आथोराइज्ड सिग्नेटरी, डायरेक्टर, मेसर्स आमला एग्रो इण्डस्ट्रीज, Sukludhana, Behind Kundipura Police Station, Seoni Road, Chhindwara (M.P.)- 480001.।

- की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

उप सचिव
मध्यप्रदेश शासन
औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग